दिनांक 24.07.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में निगम क्षेत्रांतर्गत् मौसम एवं जलजनित बीमारियों की रोकथाम एवं बचाव के तहत जोन क्र. 04 शिवाजी नगर अंतर्गत् वार्ड क्र. 33 खुर्सीपार जोन–03 में क्रान्ति मार्केट के पीछे श्रमिक बस्ती में स्थित आंगनबाड़ी में आयोजित विशेष स्वास्थ्य शिविर में आए 16 मरीजों का पंजीयन कर तथा वार्ड क्र. 37 खुर्सीपार जोन– चन्द्रशेखर आजाद नगर अंतर्गत, सुभाष नगर में शासकीय स्कूल के पास आयोजित स्वास्थ्य शिविर में आए 13 मरीजों का पंजीयन कर रोग निरोधक दवाईयॉ दी गयी। मौसमी बीमारियों से बचाव संबंधी जन–जागरूकता के लिये पाम्पलेट का वितरण किया गया। शिविर में आए मरीजों को 10 ओ.आर.एस. पैकेट का वितरण किया गया। मच्छर लार्वा उन्मूलन हेतु स्प्रेयर पंप द्वारा उपरोक्त दोनों वार्ड के प्रभावित मोहल्ले में 600 एम.एल. मैलाथियान का छिड़काव किया गया।

संबंधित वार्ड में 23 जुलाई को ही सायं व्हीकल माउण्टेण्ड फागींग मशीन द्वारा व्यस्क मच्छरों के नियंत्रण हेतु वार्ड क्र. 30 बालाजी नगर में राम मंदिर मार्ग, नेपाली मोहल्ला दीपा चौक, उड़िया मोहल्ला, बाल मंदिर लाईन, कृष्णा पार्क, यादव पारा, आम्बेड़कर चौक, शीतला मंदिर, नोकम्मा मोहल्ला, गांधी विद्यालय मार्ग तथा वार्ड क्र. 36 गौतम नगर में गली नं. 05 शिवमंदिर लाईन, महिला सुलभ मार्ग, तेलगू मोहल्ला, कुष्ठ बस्ती, सोसायटी मार्ग, लोहार बस्ती, सन्यासी गली, एम.पी.आर. रोड ऐवन्यु बी मार्ग, सड़क क्र. 18–25, 19–24, 20–23 ,21–22 एवं गार्डन के सभी मुख्य मार्गो में 600 एम.एल. आयल का धुआं का छिडकाव कराया गया। उपरोक्त जानकारी जोन के प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक श्री महेश मिश्रा द्वारा दी गयी।

जनसम्पर्क अधिकारी